तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 9 सितंबर 2026

[सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड]

12 व्यापारी एकता मंच कार्यकाल 2 से बढ़ाकर 3 वर्ष किया ...

12 41वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा अंतर्गत ...

खबर संक्षेप

घर के सामने से खड़े ट्रैक्टर में लगे उपकरण की चोरी

महासमुंद। बंसुला में एक घर के सामने खड़े ट्रैक्टर में लगे उपकरण चोरी के मामले में बसना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को नानकपाली के डिग्रीलाल मांझी ने बताया कि वर्तमान में वह ग्राम बंसुला के प्रतिभा भवन में किराये में रहता है। जहां उसने अपने सोल्ड आयशर 242 ट्रैक्टर को रखा था। 7 सितंबर की रात 11 बजे उसने अपने ट्रैक्टर को दैखा, लेकिन दूसरे दिन 8 अगस्त को सुबह करीबन 6 बजे अपने ट्रैक्टर को देखने गया तो उसमें से बैटरी, आर्मेचर, नागर पट्टा को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया था। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

एक्सीडेंट में शिक्षक को लगी चोट, बाइक क्षतिग्रस्त

महासमुंद। नगर के पुराना मार्केट में एक बाइक की टक्कर से शिक्षक को चोट लगी और उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस को महेश राव शिंदे निवासी वार्ड नं 03 इमलीभांठा ने बताया कि वह शासकीय प्राथमिक शाला गढसिवनी में शिक्षक के पद पर पदस्थ है। 6 सितंबर को वह अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जी 4070 से पुराना बाजार महासमुंद थ्रेड का सामान लेने के लिए गया था। दुकान के सामने शाम करीबन 07 बजे अपने मोटर सायकल से उतर रहा था, तभी पीछे से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीक्यू 1336 के चालक द्वारा तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उसकी बाइक को पीछे से एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वह गिर गया और बांये पैर में चोट आई, वहीं बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

सोरिद में नगदी समेत 84 हजार के सामानों की चोरी

महासमुंद। ग्राम सोरिद के वार्ड नं. 9 स्थित एक घर से नगदी समेत 84 हजार के सामानों की चोरी के मामले में कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को डोमन यादव ने बताया कि 7 सितंबर को सुबह उनका पूरा परिवार वार्ड नं 5 स्थित पुराने घर गया हुआ था। जब वे वापस वार्ड नं 09 मुडाडेरा सोरिद गए तब देखा कि नए घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर आलमारी से नगद राशि 7000 रुपए, , एक चांदी का लच्छा, दो चांदी का पायल, दो चांदी का बाजू बंध, एक चांदी का हाफ करधन, एक नग सोने का मंगल सूत्र कुल कीमत करीबन 84000 रुपए को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

एक्सीडेंट में कार क्षतिग्रस्त

महासमुंद। एक्सीडेंट में कार के क्षतिग्रस्त होने के मामले में सरायपाली थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को छत्तीसगढ़ वेयर स्टेट हाउस कार्पोरेशन शाखा सरायपाली में शाखा प्रबंधक मनोज कुमार पटेल ने बताया कि सितंबर को वह अपनी कार सीजी 06 जीएस 9582 से सरायपाली से बैतारी नेशनल हाइवे एनएच 53 में रास्ते में कार साइड कर उतरा था। इसी दौरान वाहन क्रमांक एमएच 20 जीसी 9398 के द्वारा एक्सीडेंट कर दिया गया, जिससे उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

खैर लकड़ी के अवैध परिवहन के आरोपी के घर से 81 लाख बरामद

आरोपी मनीष अग्रवाल के मुड़पार सरसीवां स्थित मकान में पुलिस का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- प्रकरण में बीएनएस और भारतीय वन अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना जारी

खैर लकड़ी के अवैध परिवहन व फर्जी एनओसी के मामले में जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बसना पुलिस द्वारा की गई छापामार कार्रवाई के दौरान आरोपी के मकान की तलाशी के दौरान 81 लाख रुपए नगद बरामद किया है।

पुलिस अफसरों ने बताया कि जिला पुलिस महासमुंद द्वारा अवैध गतिविधियों, वनोपज के अवैध परिवहन एवं धोखाधड़ी करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच में, वन परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा के आवेदन पर खैर लकड़ी (23,350 किग्रा) के अवैध परिवहन हेतु प्रयुक्त एनटीपीएस एनओसी में कूटरचना कर उपयोग करने और धोखाधड़ी के मामले में थाना पिथौरा में अपराध क्रमांक 172/2026 पंजीबद्ध किया गया है। यह प्रकरण धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 3(5), 111 बीएनएस व 25 आर्म्स एक्ट एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 42(1) सहपठित धारा 41(2) (ख) (घ), धारा 52(1) के तहत दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

प्रकरण की विवेचना के दौरान ज्ञात तथ्यों के आधार पर आरोपी मनीष अग्रवाल के ग्राम मुडपार सरसीवां स्थित मकान की तलाशी हेतु सर्च वारंट न्यायालय से प्राप्त किया गया था। महासमुंद पुलिस द्वारा 07 सितंबर को आरोपी मनीष अग्रवाल के घर (ग्राम मुड़पार, थाना सरसींवा, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़) की तलाशी ली गई। मकान के केयरटेकर की उपस्थिति और गवाहों के समक्ष ली गई, इस तलाशी के दौरान थैले 500 रुपए के नोटों की 162 गड्डियां बरामद की गई। इस थैले के अंदर 500-500 के कुल 16,200 नोट पाए गए, जिनकी कुल नगदी रकम 81,00,000 रुपए है, जिसे पुलिस द्वारा मौके से विधिवत जब्त कर लिया गया है। मामले में जब्त की गई 81 लाख रुपए नगदी अपराध से अर्जित संपत्ति को महासमुंद पुलिस द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 107 के प्रावधानों के अंतर्गत न्यायालय के समक्ष इस अवैध नगदी की विधिवत कुर्की के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है, ताकि आरोपी के विरुद्ध समुचित वैधानिक कार्रवाई कर उसको अपराध से अर्जित आर्थिक लाभों से पूर्णतः वंचित किया जा सके।

तस्करी : सिंघोड़ा, बसना और महासमुंद पुलिस ने की कार्रवाई

अलग-अलग मामलों में पुलिस ने पकड़ा लाखों का गांजा, छह तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की पुलिस ने गांजा तस्करी के तीन मामलों में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सिंघोड़ा, बसना और महासमुंद पुलिस ने की है।

सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि पंडित का चोला पहने व ट्राली बैग में गांजा रखकर बस का इंतजार कर रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से10.190 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा (कीमत 5,09,000 रुपए) को जब्त किया है।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार को सिंघोड़ा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ट्राली बैग के अंदर में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल के पास बस का इंतजार कर है की सूचना पर मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में संदेही ने अपना नाम श्रवण कुमार तिवारी पिता गुलाब प्रसाद तिवारी (40 साल) करौदी थाना बरही जिला कटनी मध्यप्रदेश होना बताया। आरोपी ने ट्राली बैग के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा होना बताया और उक्त गांजा को डोंगरीपाली जिला बलांगीर के पास ओडिशा से कटनी मध्यप्रदेश स्वयं के बिक्री हेतु ले जाना बताया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा (20बी) (दो)(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इधर बसना पुलिस ने पलसापाली बैरियर पदमपुर रोड में एक स्कूटी चालक के कब्जे से गांजा बरामद किया है। पुलिस ने बताया मुखबीर से सूचना मिली कि पदमपुर ओडिशा की ओर से एक बिना नंबर स्कूटी में एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बसना की ओर आ रहा है। मौके पर पहुंचेकर पुलिस द्वारा नाकाबंदी की गई। उक्त वाहन के आने पर उसे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन संदेही भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पकड़कर पुलिस ने पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम वीरू यादव पिता छत्तरू यादव (22 साल) कोलीहा थाना लवन जिला बलौदाबाजार का होना बताया। आरोपी के कब्जे से मनोत्तेजक मादक पदार्थ शुद्ध गांजा 03 किग्रा कीमत 1,50,000 रुपए को बरामद किया गया।

पुलिस ने गांजा तस्करी कर रहे चार लोगों को पकड़ा

इसी तरह महासमुंद सिटी कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड जा रहे चार लोगों के कब्जे से गांजा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन निश्चय के तहत केसिंगा (ओडिशा) से राजकोट (गुजरात) गांजा तस्करी कर रहे लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3.778 किलो अवैध गांजा (कीमत1,88,900) रुपए को बरामद किया गया। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि 04 व्यक्ति ट्रेन से उतरकर रेलवे स्टेशन के बाहर एक हरे रंग के बैग में अवैध गांजा लेकर महासमुंद बस स्टैंड की ओर निकले हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन के सामने घेराबंदी कर 04 संदिग्धों को पकड़ा और उनसे पूछताछ की। जिस पर उन्होंने अपने नाम परमार प्रतीक पिता चन्ना भाई (21 साल) निवासी माफतिया पारा, जामनगर रोड, थाना बजरंगवाड़ी, जिला राजकोट (गुजरात), समेजा रसूल पिता दाउद समेजा (32 साल) निवासी हुसैनी चौक, बेडेश्वर, थाना बेडेश्वर, जिला जामनगर (गुजरात), हमजा कुरैशी पिता हनीफ भाई (27 साल), निवासी मेमन पारा, थाना जोडिया, जिला जामनगर (गुजरात) और अंकित मिश्रा पिता राजभाई उर्फ राजकुमार (22 साल), निवासी भोमेश्वर, थाना बजरंगवाड़ी, जिला राजकोट (गुजरात) होना बताया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

इंस्टाग्राम से हुई पहचान, युवक ने महिला से ठगे लाखों रुपए

रकम डबल करने के झांसे में आई महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

इंस्टाग्राम के जरिए हुए पहचान के बाद रकम डबल करने का झांसा देकर एक महिला से लाखों रुपये और करीब 32 तोला सोने के आभूषण ठगने का मामला सामने आया है। बस्ती क्षेत्र निवासी महिला ने ग्राम जलपुर निवासी यशवंत नायक उर्फ संजू पर धोखाधड़ी कर 2 लाख 62 हजार 200 रुपये ऑनलाइन, 2 लाख रुपये नकद तथा करीब 32 तोला सोने के आभूषण लेने का आरोप लगाया है।

शिकायत के अनुसार ममता पटेल की यशवंत नायक से इंस्ट्राग्राम के माध्यम से पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसे रकम डबल करने का झांसा दिया। बाद उनसे अलग-अलग तारीखों में फोन-पे के माध्यम से रकम मंगाई गई। शिकायत में 21 मार्च से 15 जून 2026 के बीच कुल 2,62,200 रुपये ऑनलाइन तथा 2 लाख रुपये नकद लेने का उल्लेख किया गया है।

महिला का आरोप है कि आरोपी ने सिर्फ नकदी ही नहीं, बल्कि रकम डबल करने का लालच देकर उसके सोने के आभूषण भी अपने कब्जे में ले लिया। शिकायत के मुताबिक 24 मार्च को 6.6 तोला, 27 मार्च को 10 तोला का हार, डेढ़ तोला की चैन, 10 अप्रैल को करीब 10 तोला के कर्णफूल, चैन व माला, 17 अप्रैल को ढाई तोला का मंगलसूत्र व पदक, 5 मई को डेढ़ तोला के मंगलसूत्र, पदक एवं अंगूठी तथा 8 जून को करीब डेढ़ तोला का सुई-धागा सहित कुल लगभग 32 तोला सोना ले लिया और धमकी दी थी कि यदि उसने अपने पति, सास-ससुर या परिवार के अन्य सदस्यों को इस बारे में बताया तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इस कथित धमकी के कारण वह काफी समय तक मामले की जानकारी परिवार को नहीं दे सकी। बाद में हिम्मत जुटाकर उसने अपने पति और ससुर को पूरी घटना बताई। मामला सामने आने के बाद सामाजिक स्तर पर बैठक भी हुई। जिसमें उसने ली गई रकम और सोने के आभूषण वापस करने का आश्वासन दिया, लेकिन नहीं वापस किया।

अनिवार्यता समाप्त कर स्मार्ट मीटर को वैकल्पिक करे सरकार : निखिलकांत

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने छत्तीसगढ़ शासन से जनभावनाओं के अनुरूप जनहित में निर्णय लेते हुए स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता को समाप्त कर इसे वैकल्पिक किए जाने की मांग की है। साहू ने कहा कि शासन की मंशा बिजली व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और आधुनिक बनाने की है, जिसका हम सभी स्वागत करते हैं, किंतु जमीनी स्तर पर नागरिकों से प्राप्त हो रहे फीडबैक पर ध्यान देना भी अत्यंत आवश्यक है। नगर के विभिन्न वार्डों के भ्रमण के दौरान और आम नागरिकों, विशेषकर गरीब, निम्न आय वर्ग और मध्यम वर्गीय परिवारों द्वारा लगातार यह बात संज्ञान में लाई जा रही है कि जब से उनके घरों में स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए हैं, तब से बिजली बिल की राशि में अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिल रही है। पहले जहां सामान्य खपत पर बिल एक सीमित राशि का आता था, वहीं अब उसी खपत पर बिल कई गुना अधिक आ रहा है, जिससे परिवारों का मासिक आर्थिक बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। कई परिवार ऐसे हैं जो सीमित आय में अपने घर का संचालन करते हैं, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक जरूरतों को पूरा करते हैं, उनके लिए यह बढ़ा हुआ बिल एक बड़ी चिंता का विषय बन गया है। नागरिकों में इसको लेकर भ्रम और आशंका की स्थिति भी है। पालिकाध्यक्ष साहू ने इस स्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन से निवेदन किया है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए और आम जनता के हित को सर्वोपरि रखते हुए स्मार्ट मीटर की व्यवस्था पर पुनर्विचार किया जाए। उन्होंने अनुरोध किया है कि स्मार्ट मीटर को अनिवार्य रूप से न लगाकर इसे नागरिकों के विकल्प के रूप में रखा जाए, ताकि जो उपभोक्ता इसे लगवाना चाहते हैं वे लगा सकें और जो पारंपरिक मीटर पर ही रहना चाहते हैं, उन्हें वह सुविधा मिलती रहे। साहू ने आशा व्यक्त की है कि शासन निश्चित रूप से जनता की इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उचित और जनहितकारी निर्णय लेगा।

डीईओ कार्यालय से पंजीयन शुल्क वसूलने पत्र जारी, अधिकारी ने जताई अनभिज्ञता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के सरकारी और निजी स्कूलों में रेडक्रॉस गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण शुल्क मंगाए जाने संबंधी डीईओ कार्यालय द्वारा जारी पत्र को लेकर आरटीआई कार्यकर्ता पंकज साहू ने सवाल उठाते हुए कहा है कि पत्र के अनुसार विकासखंड सरायपाली, बसना, पिथौरा, बागबाहरा एवं महासमुंद के काउंसलर्स के लिए अलग-अलग स्थानों पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाना प्रस्तावित है तथा पंजीयन शुल्क विद्यालय के रेडक्रॉस मद से लिए जाने का उल्लेख है।

मामले को लेकर श्री साहू ने कहा है कि जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से रेडक्रॉस गतिविधियों के लिए निर्धारित राशि पहले से ही शिक्षा विभाग के माध्यम से जमा कराई जाती है। ऐसे में उसी रेडक्रॉस मद से प्रशिक्षण एवं गतिविधियां संचालित किए जाने के बजाय अलग से 450 रुपये पंजीयन शुल्क की मांग गंभीर वित्तीय अनियमितता व जांच का विषय है।

पंकज साहू के अनुसार सबसे गंभीर बात यह है कि उक्त पत्र जिला शिक्षा अधिकारी के नाम से जारी दिखाई देता है, लेकिन उस पर जिला शिक्षा अधिकारी के बजाय खेल अधिकारी के हस्ताक्षर हैं। जब उन्होंने इस पत्र के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली तो उन्होने पत्र की जानकारी होने से अनभिज्ञता जाहिर करते हुए आदेश की प्रति मांगी। जारीकर्ता अधिकारी अंजली बरमाल से इस संबंध में पूछने पर उन्होंने रेडक्रॉस समिति की बैठक में निर्णय लिया जाना बताते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक व रेडक्रॉस सचिव अशोक गिरी गोस्वामी को बुलाकर बैठकर बातचीत करने की बात कही। श्री साहू ने कहा कि यदि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा ऐसा कोई आदेश जारी, नहीं किया गया है तो फिर उनके नाम से पत्र किस अधिकार से जारी किया गया और 450 रुपये पंजीयन शुल्क वसूलने का निर्णय किस अधिकारी ने लिया, इसकी उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है।

श्री साहू ने जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि उक्त पत्र की वैधता, हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी की भूमिका, 450 रुपये शुल्क निर्धारित करने का आधार, अब तक वसूल की गई राशि तथा रेडक्रॉस मद में जमा राशि के उपयोग की जांच कराई जाए।

26वीं सब जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में महासमुंद की बालक-बालिका टीम को मिला तीसरा स्थान

राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में सब-जूनियर बालक एवं बालिका टीम को मिला तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

26वीं सब-जूनियर एवं सीनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई सेक्टर 04 बॉल बैडमिंटन ग्राउंड जिला दुर्ग में 01 से 06 सितंबर 2026 तक आयोजित किया गया, जिसमें महासमुंद जिले की सब जूनियर एवं सीनियर बालक एवं बालिका टीम सहित राज्य के 36 टीम शामिल हुई।

राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक टीम में जिले से सागर चंद्राकर, भूपेंद्र पटेल, चिरंजीव साहू, चिरंजीव, सुमित, तारेंद, टिकेश्वर, झम्मन, टीकम साहू, उज्ज्वल, सानिध्य, दिव्यम जैन, मौलिक, गीतांक, जिनेश, शब्द शर्मा एवं बालिका टीम में गीतांजलि साहू, आकांक्षा, भूमि ध्रुव, टिकेश्वरी, अवनि, लालिमा, लिली, भूमिका, पायल यादव एवं भूमि शामिल रहीं।

जिले की सब-जूनियर बालक टीम ने गौरेला पेंड्रा मरवाही को हराकर एवं बालिका टीम ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दुर्ग को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई एवं सेमीफाइनल मैच में हारने के पश्चात टीम को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। दोनों वर्गों में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर जिलाध्यक्ष भारत स्काउट एंड गाइड़ येतराम साहू, थान सिंह दीवान, आनंद साहू, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, अंकित जैन, तन्मय लूनिया, तारिणी चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, प्राचार्य बेमचा एसएल पाटकर, लखनू निर्मलकर, रविकांत चंद्राकर, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, लक्ष्मी चंद्राकर आदि ने हर्ष जताया है।

राइस मिलों से चोरी, स्थानीय लोगों ने तीन संदिग्धों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के बसना थाना क्षेत्र के रायपुर रोड स्थित दानी फ्यूल के पास संचालित लक्ष्मी राइस मिल और भवानी राइस मिल से चोरों ने मोटर, केबल, स्टार्टर, पैनल सामग्री, कैपेसिटर, सौटेक्स मशीन का सामान और लोहे के अन्य सामान पार कर दिए। चोरों ने मिल के कार्यालय का कांच तोड़कर अंदर प्रवेश किया और तोड़फोड़ के बाद सामान लेकर फरार हो गए।

घटना के दौरान भनक लगने पर स्थानीय लोगों ने तीन संदिग्धों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया, जबकि कुछ आरोपी मौके से भाग निकले। जानकारी के अनुसार वार्ड - 3, बसना निवासी वरुण अग्रवाल ने पुलिस से शिकायत की है कि 27 अगस्त को दोनों राइस मिलों में कुछ लोग चोरी कर रहे थे। आरोपी मिल परिसर से सामान निकालकर ले जा रहे थे। इसी दौरान आसपास के लोगों को इसकी जानकारी हुई और उन्होंने मौके पर पहुंचकर तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। बाद उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। शिकायत के मुताबिक चोरों ने राइस मिल के कार्यालय का शीशा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। कार्यालय और मिल परिसर में तोड़फोड़ करने के साथ वहां रखे मोटर, केबल, स्टार्टर, पैनल का सामान, कैपेसिटर, सौटेक्स मशीन से संबंधित सामग्री और लोहे की अन्य वस्तुएं पार कर दी। कार्यालय से एसी भी चोरी होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 एवं 331(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप

दिवंगत गोपाल वैष्णव को दी गई श्रद्धांजलि

महासमुंद। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं ने दल के निष्ठावान और वरिष्ठ नेता दिवंगत स्व.गोपाल वैष्णव के निज निवास गांव स्वरूपपुर पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री समीर खान, प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा, यूथ विंग प्रदेश अध्यक्ष इमरान खान, एससी विंग प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जांगड़े, लोकसभा अध्यक्ष अजीम खान, जिला अध्यक्ष अंकुश अग्रवाल, भुनेश्वर साहू, हेमसागर प्रधान, मुनु दाउ सागर, महेश कर्ष, माधव सोना, जयप्रकाश मिश्रा, पुष्पा भारती, लक्ष्मी डडसेना, गुणसागर, पार्षद इरफान इल्लू, अमन यादव आदि मौजूद रहे।

पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

महासमुंद। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं, विशेषकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की एक महिला अथवा अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) पुरस्कार प्रदान किया जाता है। वर्ष 2026-27 के लिए इस सम्मान के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा योग्य एवं पात्र महिला अथवा अशासकीय संस्था से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। इस पुरस्कार के अंतर्गत चयनित महिला अथवा अशासकीय संस्था को 2 लाख रुपए की राशि एवं प्रशस्ति पट्टिका सम्मान स्वरूप प्रदान की जाएगी।

अनाचार के आरोपी को 10 साल कैद की सजा

रायपुर। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व महिला के घर में घुसकर उसके साथ रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक गीता चौहान के अनुसार, कोर्ट ने हृदय लाल मनहरे को कैद की सजा सुनाई है। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति की अनुपस्थिति में आरोपी ने 13 अक्टूबर 2023 को घर में घुसकर तकिया से मुंह दबाकर उसके साथ रेप किया था।

बगैर नंबर प्लेट की गाड़ी छोड़कर भागा चोर

रायपुर। यातायात थाना पचपेड़ी नाका द्वारा चेकिंग के दौरान सोमवार को दोपहर 12 बजे यातायात पुलिस द्वारा एक संदिग्ध बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल को रोका गया। वाहन चालक से आरसी प्रस्तुत करने कहने पर वह दस्तावेज लेकर आता हूं, कहकर चला गया। चालक के संदिग्ध व्यवहार को देखते हुए यातायात पुलिस टीम द्वारा तत्काल वाहन के चेचिस नंबर के माध्यम से वाहन स्वामी एवं पंजीयन का विवरण निकाला गया। पड़ताल के दौरान मूल वाहन स्वामी से संपर्क करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त मोटरसाइकिल 14 अगस्त को चोरी हो गई थी। इस संबंध में तिल्दा-नेवरा में एफआईआर भी दर्ज है।

निधन

हीराराम साहू

बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी खिल्लारी पारा निवासी विद्युत विभाग के सीनियर रिडर हीराराम साहू (56) का निधन 7 सितंबर सोमवार को हो गया। अंतिम संस्कार दोपहर 12 बजे मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे खिलेश्वरी साहू के पति व तुषार साहू व लक्ष्मी साहू के पिता थे।

एमआई वार्निश से दांतों में झनझनाहट का होगा कारगर और सस्ता इलाज

शासकीय डेंटल कालेज में रिसर्च, अब उपचार में होगा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंडा-गरम खाने अथवा पीने के दौरान दांतों में होने वाली झनझनाहट का इलाज एमआई वार्निश के माध्यम से ज्यादा कारगर होगा। साथ ही आधुनिक पद्धति यानी लेजर की तुलना में यह उपचार सस्ता भी होगा। शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्रों ने डेंटल हाइपरसेंसिटिविटी पर किए गए रिसर्च से यह परिणाम निकाला है।

डेंटल हाइपरसेंसिटिविटी बहुत ही आम समस्या है, जिसमें ठंडा, गर्म, खट्टा या मीठा खाने-पीने पर दांतों में अचानक तेज झनझनाहट या चुभन जैसा दर्द होता है। सामान्यतः यह समस्या मध्यम एवं बुजुर्ग आयुवर्ग के लोगों में पाई जाती है। दंत चिकित्सकों के मुताबिक, जोर से या सही तरीके से ब्रश न करने से दांतों की बाहरी मजबूत परत इनेमल घिस जाती है अथवा अधिक अम्लीय पदार्थों के सेवन से जब यह परत घुल जाती है या फिर उम्र के साथ मसूड़े नीचे चले जाते है तब दांतों में झनझनाहट पैदा होती है और यह समस्या उत्पन्न होती है। वैसे तो डेंटल हाइपरसेंसिटिविटी के इलाज के बहुत विकल्प हैं, जिसके लिए काफी पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

हाल ही में शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय के कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव कुंहप्पन के नेतृत्व में स्नातकोत्तर छात्रों ने डेंटल हाइपरसेंसिटिविटी पर शोध कार्य किया है।

अब इस विधि से मरीजों का होगा इलाज

इसमें दांतों को बिना घिसे विभिन्न संरक्षित तरीकों, जिसमें लेजर, शील्ड फोर्स प्लस और आधुनिक मटेरियल एमआई वार्निश से डेंटिनल छिद्रों को बंद किया गया और माइक्रोस्कोपिक अध्ययन किया गया। रिसर्च में पाया गया कि लेजर जैसे आधुनिक उपकरण से भी ज्यादा अधिक एमआई वार्निश में डेंटिनल छिद्रों को बंद करने की क्षमता पाई गई। आने वाले दिनों में इस विधि से महाविद्यालय में आए मरीजों का इलाज होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र वाढेर ने विभाग की इस उपलब्धि को मरीजों के हित में बताते हुए विभागाध्यक्ष समेत रिसर्च करने वाले छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं।

दूरवर्ती जिलों की बात तो दूर, रायपुर, बिलासपुर जैसे बड़े जिलों में विशेषज्ञ पूरे नहीं

दवाएं तो हैं पर डॉक्टर नहीं, सरकारी अस्पतालों में 80 फीसदी विशेषज्ञों की कमी

स्वीकृत पद 2025, काम कर रहे 410 से कम, संविदा की ट्रिक काम नहीं आ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के सरकारी अस्पतालों में बीमारी के इलाज के लिए ठीकठाक दवाएं तो मिल जा रही हैं, मगर मरीजों का समुचित इलाज करने वाले विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं मिल पा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग एमडी-एमएम डाक्टरों की कमी पूरी करने संविदा आधार पर नियुक्ति की लगातार कोशिश कर रहा है मगर पूरी सफलता नहीं मिल पा रही है। राज्य में चिकित्सा विशेषज्ञों के 2025 पद स्वीकृत हैं, इसके विपरीत 408 विशेषज्ञ ही पदस्थ हैं, यानी सरकारी अस्पतालों में 80 प्रतिशत चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी है।

राज्य के दूरवर्ती जिलों की बात तो दूर, रायपुर, बिलासपुर जैसे बड़े जिलों में भी एमडी-एमएस डाक्टरों की संख्या पूरी नहीं है। नियम के मुताबिक विशेषज्ञ डाक्टरों की नियुक्ति जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में की जानी है, मगर वहां पर्याप्त संख्या में विशेषज्ञ नहीं होने के कारण छोटी बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को बड़े अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ते हैं। जानकारों का तर्क है कि विशेषज्ञ डाक्टरों की संख्या कम होने की एक प्रमुख वजह यहां के मेडिकल कालेजों में पीजी की सीटें कम होना है। दूसरी वजह यहां संविदा आधार पर सेवाएं और अन्य राज्यों तथा प्रायवेट अस्पतालों की तुलना में कम वेतन है। राज्य में हर साल करीब दो सौ चिकित्सा विशेषज्ञ तैयार होते हैं, जो यहां नौकरी करने के बजाय दूसरे राज्य अथवा प्रायवेट सेक्टर का रास्ता पकड़ते हैं। स्वास्थ्य विभाग अपने नियमों के आधार पर संविदा नियुक्ति का प्रयास कर रहा है, मगर सफलता नहीं मिल पा रही है।

फाइल फोटो

इन जिलों को भी चिकित्सा विशेषज्ञों की जरूरत

विभागीय आंकड़ों के मुताबिक बलौदाबाजार जिले में चिकित्सा विशेषज्ञ के 41, गरियाबंद में 42, धमतरी में 35, कबीरधाम में 80, महासमुंद में 41, राजनांदगांव में 40, खैरागढ़-गंडई में 34, मोहला-मानपुर में 34, दुर्ग में 68, बालोद में 48, बेमेतरा में 53, बिलासपुर में 40, गौरेला-पेंड्रा में 31, मुंगेली में 36, कोरबा में 24, कोंडागांव में 45, बीजापुर में 55, कांकेर में 53, दंतेवाड़ा में 64, सुकमा में 31, नारायणपुर में 26, सरगुजा में 80, बलरामपुर में 45, सूरजपुर में 67, कोरिया में 23, मनेन्द्रगढ़ में 65, जशपुर जिले में 94 पद रिक्त हैं।

रायपुर में 59 पद रिक्त

रायपुर जिला राजधानी और प्रदेश का प्रमुख केंद्र होने के बाद भी विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी से जूझ रहा है। यहां चिकित्सा विशेषज्ञों के 106 पद स्वीकृत हैं, लेकिन पदस्थ विशेषज्ञों की संख्या महज 47 हैं, यानी 59 पद खाली पड़े हैं। इसकी वजह से जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एमडी-एमएस डाक्टरों की तैनाती नहीं हो पा रही है। विशेषज्ञ डाक्टर नहीं होने की वजह से मरीज अपनी छोटी समस्या के इलाज के लिए आंबेडकर अथवा प्रायवेट अस्पतालों की ओर जाने को मजबूर हैं।

राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन महिला मोर्चा का महासदस्यता अभियान का शुभारंभ

महासमुंद। राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी सरजू तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे एवं प्रदेश महामंत्री जगेश राय के संज्ञान एवं मार्गदर्शन में तथा युवा महिला मोर्चा से प्राची चंद्राकर के सहयोग से संगठन के महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री रेखा बेहरा के नेतृत्व में शहर में महासदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस सदस्यता अभियान में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए संगठन की सदस्यता ग्रहण की। अभियान के दौरान लगभग 50 महिलाओं ने राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन की सदस्यता ग्रहण की, जिससे संगठन के महिला मोर्चा को महासमुंद जिले में और अधिक मजबूती मिली। सदस्यता ग्रहण करने वाली प्रमुख महिला सदस्यों में अंजू कन्नौजे, छाया कन्नौजे, कीर्ति कन्नौजे, लक्ष्मी कन्नौजे, यशोदा कन्नौजे, राजकुमारी कन्नौजे, उर्मिला कन्नौजे, काजल कन्नौजे, शारदा कन्नौजे, पूजा साहू, सीमा साहू, शेख, ममता साहू, ममता, रेखा सहित अन्य लगभग 50 महिला सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री रेखा बेहरा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य महिलाओं को संगठित करते हुए समाज में सनातन संस्कृति, सामाजिक सेवा, राष्ट्रहित एवं महिला सशक्तिकरण के कार्यों को आगे बढ़ाना है।

स्वामी शिवानंद के जयंती के अवसर निकली योगभवन से प्रभातफेरी

महासमुंद। स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 8 सितंबर को दिव्य जीवन संघ महासमुंद द्वारा स्वामी शिवानंद सरस्वती की 139 वीं जयंती मनाई गई। जिसके अंतर्गत प्रातःकाल 10: 00 बजे से सायंकाल 6:00 बजे तक, 08 घंटे का अनवरत महामंत्र हरे राम, हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, संकीर्तन किया गया। कार्यक्रम दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष दौलत चंद्राकर के अनुसार प्रातः 6:00 से 7:30 बजे तक महामंत्र संकीर्तन के साथ प्रभातफेरी कचहरी चौक, कांग्रेस भवन, स्वामी चौक, तुमगांव चौक, विठोबा टाकीज होते हुए महामाया मंदिर, गांधी चौक, मलेरिया ऑफिस से बरोंडा चौक होते हुए योगभवन तक निकाली गई। प्रातः 8:30 बजे से पादुका पूजन एवं भजन-कीर्तन किया गया। उसके उपरांत स्वामी शिवानंद सरस्वती की जीवनी पर चर्चा की गई। तत्पश्चात आरती, प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर डोंगरगढ़ से पधारे स्वामी विद्यानंद सरस्वती दिव्य जीवन संघ अध्यक्ष दौलत चंद्राकर, परमानंद बजाज, रामनिवास चंद्राकर, दाऊ दीपक अग्रवाल, प्रदीप चंद्राकर, चोइथराम राजपाल, परमानंद चंद्राकर, शेखर साहू, नुकेश चंद्राकर दाउलाल चंद्राकर, तारेंद्र चंद्राकर, विश्वनाथ बोस, चंद्रिका चंद्राकर, केआर चंद्राकर, दिलीप क्षत्रिय, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर, गौतम सिन्हा, अजय गुप्ता, नंदू नंदवानी, सुनील राजपाल, प्रमोद चंद्राकर, हेमंत बोथरा, पंकज चंद्राकर प्रभात फेरी में शामिल हुए।

अघरिया सदन में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल भारतीय अघरिया समाज परिक्षेत्र महासमुंद में निर्मित अघरिया सदन में समाज के इष्टदेव योगेश्वर वासुदेव कृष्ण के जन्म पर्व जन्माष्टमी हर्षोल्लास एव धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर जन्म उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में प्रयास म्यूजिकल ग्रुप बागबाहरा से विश्राम यादव के मधुर कंठ से प्रस्तुत मनमोहक संगीत मय भजन कार्यक्रम ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया और पूरा सदन भक्तिमय हो गया। छोटे-छोटे विद्यार्थियों के लिए आयोजित दही हांडी फोड़ एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता भी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। कृष्ण और राधे की वेशभूषा से सज्जित नन्हे मुन्ने बच्चों का नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहा। दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता में

प्रथम रेयांश चौधरी, द्वितीय भाव्या पटेल तथा कुर्सी दौड़ में प्रथम रोली नायक, द्वितीय तमन्ना नायक रहे। सभी प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मण पटेल पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत, महेंद्र साहू सभापति जनपद पंचायत महासमुंद, किशोर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, होरीलाल पटेल सरंक्षक, देवा पटेल सचिव, शंकर लाल पटेल, नंद कुमार साहू महासचिव जिला साहू संघ, विकास साहू, खिलावन वर्मा, पवन साहू का विशेष सहयोग रहा। अंत में फल एवं प्रसादी वितरण किसा गया। इस अवसर पर नगर परिक्षेत्र महासमुंद से खगेश्वर पटेल, प्रेमलाल पटेल, नरेंद्र कुमार नायक, गणेश नायक, अरूण पटेल, मुरली पटेल, शंकर पटेल, गौकरण पटेल, जयराम पटेल, नारायण चौधरी, फगुलाल पटेल, राजेंद्र पटेल, ऋषि पटेल, चंद्रहास कश्यप, नीलेश पटेल, लखन पटेल, गेंदलाल पटेल, सुरेंद्र चौधरी, पीतांबर पटेल, उग्रसेन पटेल, दिलीप चौधरी, भोज कुमार चौधरी, धनंजय पटेल, ओम प्रकाश चौधरी, गोविंद पटेल, निर्मला पटेल, मीना नायक, नवीन कश्यप, जशोमती पटेल, कमला पटेल, सुनीता पटेल, धनकुंवर पटेल, यमुना चौधरी, कुंती पटेल, खेमलता चौधरी, दमयंती नायक, मंजू पटेल, रेखा पटेल, शीला चौधरी, गीता पटेल, रेखा पटेल, एकांश पटेल, डालेश पटेल, उमा चौधरी, मधु पटेल उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी नारायण चौधरी ने दी है।

तीज पर्व के चलते सोशल ऑडिट की तिथि बदलने की मांग, सहायक शिक्षक फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

महासमुंद। छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण पर्व तीज को देखते हुए स्कूलों में निर्धारित सोशल ऑडिट की तिथि में बदलाव की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीएमसी को ज्ञापन सौंपा है। फेडरेशन ने मांग की है कि सोशल ऑडिट की निर्धारित तिथि को तीज पर्व के बाद रखा जाए। संगठन का कहना है कि विभाग द्वारा सोशल ऑडिट के लिए तय की गई तिथि तीज पर्व के आसपास है, ऐसे में बड़ी संख्या में महिला शिक्षिकाएं पर्व की तैयारियों एवं पारिवारिक दायित्वों में व्यस्त रहेंगी। जिलाध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि कई महिला शिक्षिकाएं विद्यालयों में संस्था प्रमुख का दायित्व भी संभाल रही हैं। तीज पर्व के दौरान उनकी व्यस्तता को देखते हुए इस अवधि में सोशल ऑडिट कराया जाना उचित नहीं होगा। इससे शिक्षिकाओं को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि समग्र शिक्षा विभाग को महिला शिक्षिकाओं की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सोशल ऑडिट की तिथि में संशोधन कर इसे तीज पर्व के बाद निर्धारित करना चाहिए। ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि संगठन ने शिक्षिकाओं की इस समस्या को विभाग के समक्ष गंभीरता से रखा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभाग इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए जल्द ही सार्थक समाधान निकालेगा।

नाराज रहवासियों ने नगर निगम मुख्यालय के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन-9 क्षेत्र स्थित कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दलदल सिवनी में निर्मित प्रधानमंत्री आवास 145 में पेयजल की समस्या से लोग बेहद परेशान हैं। साथ ही कालोनी के कई आवासों में सीपेज की समस्या बनी हुई है। दीवारों में नमी और सीलन तथा कई प्रकार के नुकसान, आवास की सुरक्षा को लेकर प्रभावित आवासीय परिसर के रहवासियों ने सोमवार को महात्मा गांधी सदन के मुख्य द्वार के सामने प्रदर्शन किया।

भुक्तभोगियों का कहना है कि पानी की समस्या से लगातार जूझ रहे हैं, संबंधित अधिकारियों को शिकायत के बाद भी पीएम आवास 145 में पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। इसके लिए जोन आयुक्त जोन-9 और पीएम आवास के प्रभारी अधिकारी को भी अवगत कराया गया। कालोनी में पर्याप्त एवं नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति नहीं होने से वहां रहने वाले परिवारों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। रहवासियों ने मांग की है कि प्रधानमंत्री आवास 145 दलदल सिवनी में पाइपलाइन जोड़कर या पाइपलाइन का विस्तार कार्य तत्काल कराया जाए, जिससे पीने का पानी लोगों को सुगमता से मिल सके।

संतान नहीं होने पर पत्नी से मारपीट अब हर माह देने होंगे डेढ़ हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संतान नहीं होने पर पत्नी से मारपीट करने तथा कोर्ट के आदेश के बाद भी उसके भरण-पोषण के लिए रकम नहीं देने के एक प्रकरण में राज्य महिला आयोग ने सोमवार को सुनवाई की। आयोग ने पीड़ित महिला की शिकायत पर उसके पति को समझाइश दी कि वह हर महीने डेढ़ हजार रुपए दे, नहीं तो उसके खिलाफ आवेदिका कानूनी कार्रवाई करा सकती है। आयोग की समझाइश पर अनावेदक ने हर महीने निर्धारित राशि देने पर सहमति जताई।

गोद दी बच्ची वापस मांगने पर धमकी : *राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू एवं सदस्य सरला कोसरिया ने रायपुर स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की। एक अन्य प्रकरण में महिला ने अनावेदकों को गोद दी उसकी बच्ची से मिलने नहीं देने तथा बच्ची मांगने पर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की। इस शिकायत पर सुनवाई के दौरान आवेदिका ने बताया कि उसने अपनी बच्ची को अनावेदकगणों को गोद दिया है। बच्ची 2 वर्ष की है, जिसे वह अनावेदक पक्ष से वापस लेना चाहती है, लेकिन इसके लिए अनावेदक मान नहीं रहे हैं और उसे धमकी दे रहे हैं। आयोग ने इस प्रकरण में दोनों पक्षों को आगामी सुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।*

20 दिन में 40 हजार लौटाने के निर्देश

एक अन्य प्रकरण में एक महिला ने शिकायत की थी कि उसने अनावेदक को अपने मकान का टैक्स कम कराकर पटाने के लिए उसे 40 हजार रुपए दिए थे, लेकिन अनावेदक ने टैक्स जमा नहीं किया। आवेदिका द्वारा टैक्स की रकम वापस मांगने पर भी अनावेदक दे नहीं रहा है। इस प्रकरण में सुनवाई करते हुए आयोग ने अनावेदक को आवेदक द्वारा पेश किए गए सबूतों के 20 दिनों के भीतर 40 हजार रुपए लौटाने के निर्देश दिए हैं।

स्कूटी में अवैध शराब परिवहन करते तीन आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। शराब का अवैध परिवहन कर रहे तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 12.600 लीटर शराब (देशी प्लेन-मसाला) को जब्त किय गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक काले रंग की एक्टिवा क्रमांक सीजी-06 एचबी-5345 में 03 व्यक्ति बेमचा से कांपा की ओर अधिक मात्रा में अवैध शराब को परिवहन करने वाले हैं। इसके बाद पुलिस ने कांपा जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर वाहन को रोका। पूछताछ मे संदेहियों ने अपने नाम कोमल उर्फ पिंटू कहार पिता हीरालाल कहार (36 वर्ष), वार्ड नं. 11 ग्राम बेमचा, करण सोनी पिता मोहन सोनी (20 वर्ष) नयापारा वार्ड नं. 09 महासमुंद, मोहन टंडन पिता संतोष टंडन (21 वर्ष) ग्राम अरंड मोहदी, थाना खल्लारी होना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 50 पौवा देशी मसाला शराब एवं 20 पौवा देशी प्लेन शराब (कुल 12.600 लीटर, कीमत 6,600 रुपए) को बरामद किया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन एक्टिवा (कीमत 50,000 रुपए) को भी बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

खबर संक्षेप

महिलाओं ने रखा जया एकादशी व्रत

महासमुंद। ग्राम खरोरा के राममंदिर में महिलाओं ने जया एकादशी का व्रत रखा। इस दौरान महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। राधिका वैष्णव ने बताया कि भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि के मौके पर जया एकादशी का व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि इस दिन का व्रत रखने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की उपासना करनी चाहिए।

मेमरा स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

पिथौरा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेमरा शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सदस्यों द्वारा आयोजित था। जिसमें शिक्षकों को तिलक लगाकर श्रीफल, पेन, मिठाई अर्पित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नवीन बगर्ती, उपाध्यक्ष गजेंद्र यादव, प्रकाश साव, स्वरूप मटारी, चंद्रध्वज बारीक, निर्मल यादव, मनोज अग्रवाल, जस कुमार, फागूलाल पटेल, दुलीचंद, जितेंद्र निषाद, शिक्षकों में प्रभारी प्राचार्य तुलसीराम चौधरी, जोगीराम ध्रुव, निर्मल कुमार डहरिया, भुवनलाल कोसरिया, गिरजा शंकर पटेल, आशीष दास, आशीष सिन्हा, हेमांजलि पटेल, सुनीता ठाकुर, हेमलता पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सत्य प्रकाश साव एवं आभार व्यक्त तुलसीराम चौधरी प्रभारी प्राचार्य ने किया।

सरकारी वाद भूमि के सीमांकन को लेकर राजस्व महकमे की लापरवाही

सीमांकन कराने के इस खेल पर अब प्रशासनिक हलकों में चर्चाएं गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

एक तरफ सरकार पारदर्शी प्रशासन और सुशासन के बड़े-बड़े दावे कर रही है। वहीं पिथौरा तहसील के राजस्व अमले की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विश्व साक्षरता दिवस के दिन ग्राम टेका स्थित शासकीय वाद भूमि के सीमांकन को लेकर राजस्व महकमे ने ऐसी कदाचारी दिखाई, जिसने शासन के नियमों की धज्जियां उड़ा कर रख दीं।

हल्का पटवारी डायमंड साहू ने आवेदक को सुबह 8:44 बजे व्हाट्सएप पर सीमांकन नोटिस की पीडीएफ भेजी और 10 बजे मौके पर उपस्थित होने का फरमान थमा दिया। महज 76 मिनट की अल्प सूचना पर सीमांकन कराने के इस खेल पर अब प्रशासनिक हलकों में चर्चाएं गर्म हैं।

कायदे-कानूनों को ताक पर रखकर सोशल तामिली

उल्लेखनीय हो कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के तहत किसी भी भूमि के सीमांकन से पूर्व आवेदक एवं संबंधित चौहद्दी खातेदारों को कम से कम तीन से सात दिन पूर्व विधिवत लिखित नोटिस तामील कराने का प्रावधान है, ताकि सभी पक्ष अपने आवश्यक राजस्व अभिलेख जुटा सकें और मौके पर उपस्थित रह सकें। इसके विपरीत, पिथौरा राजस्व निरीक्षक मंडल द्वारा 7 सितंबर की तारीख में तैयार नोटिस को दबाकर रखा। 8 सितंबर की सुबह आनन-फानन में मोबाइल के जरिए भेजा। किसी सरकारी नोटिस की इस तरह सवा घंटे पहले व्हाट्सएप डिलीवरी न केवल अवैधानिक है, बल्कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का भी खुला उल्लंघन है।

आवेदक ने दर्ज कराई लिखित आपत्ति, स्थगित करने की मांग

पटवारी के इस अप्रत्याशित मैसेज के बाद आवेदक डालेश्वर पटेल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से तहसीलदार पिथौरा के न्यायालय में लिखित आवेदन पेश कर सीमांकन तत्काल स्थगित करने की मांग की। डालेश्वर पटेल ने अपने आवेदन में स्पष्ट किया कि ग्राम टेका स्थित खसरा नंबर 386/1 एवं 386/2 (रकबा क्रमशः 0.05 व 1.94 हेक्टेयर) की भूमि पहले से ही गंभीर विवाद में है। इस भूमि के संबंध में उन्होंने कलेक्टर महासमुंद, तहसीलदार और उप पंजीयक पिथौरा के समक्ष विधिवत शिकायत दर्ज कराई है। आवेदक ने बताया कि पूर्व निर्धारित पारिवारिक कारणों से वे रायपुर प्रवास पर हैं और सुबह 8:44 बजे मिले नोटिस पर 10 बजे उपस्थित होना असंभव था।

बड़े झाड़ के जंगल की रजिस्ट्री और सीमांकन की हड़बड़ी पर सवाल

मामले में सबसे दिलचस्प और संदिग्ध पहलू यह है कि उक्त भूमि बड़े झाड़ के जंगल मद एवं विवादित श्रेणी में आती है, जिसकी रजिस्ट्री भी पूर्व में राजस्व विभाग की संदिग्ध भूमिका के चलते जांच के दायरे में है। ऐसे संवेदनशील प्रकरण में शासन के नियमों को दरकिनार कर एकतरफा पंचनामा तैयार करने की यह बेताबी किस दबाव' या 'मंशा' का नतीजा है, यह बड़ा सवाल बन गया है। तमाम छत्तीसगढ़ में जहां भू-राजस्व संहिता के नियम लागू होते हैं। वहीं पिथौरा तहसील में बैठे कारिंदों का यह रवैया दर्शाता है कि वे शासन के नियमों को ठेंगा दिखाकर अपना अलग ही समानांतर कानून चला रहे हैं। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासनिक अधिकारी इस मनमानी पर संज्ञान लेकर जांच बिठाते हैं। इस मामले पर तहसीलदार मोहित अमला का पक्ष लेने उनसे संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं आरआई शिवशंकर ठाकुर ने बताया कि वे अभी बैठक में है, बाद में जानकारी दूंगा कहा।

बागबाहरा में टर्फ क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन, अल्का ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

महासमुंद। जिले के बागबाहरा टाउन हॉल के पीछे आयोजित टर्फ क्रिकेट प्रतियोगिता में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र की वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं स्वतंत्र निदेशक इस्पात मंत्रालय भारत सरकार अल्का चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने खेल मैदान में पहुंचकर सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अल्का ने अपने संबोधन में कहा कि खेल से ही प्रतिभा खिलती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण और शहरी अंचल की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें एक बेहतर मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से खेल को खेल की भावना से खेलने और अपने शारीरिक व मानसिक विकास पर ध्यान देने की अपील की। आयोजन की सराहना करते हुए अल्का चंद्राकर ने कहा कि आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन उच्च स्तर पर किया गया, जिससे दर्शकों और खिलाड़ियों में भारी उत्साह देखने को मिला। अलका ने इस शानदार और सफल आयोजन के लिए पूरी आयोजन समिति के सदस्यों को उनकी मेहनत और प्रबंधन के लिए विशेष रूप से बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉली ध्रुव, पूर्व पार्षद भोजनाथ देवांगन, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय माल्वे, आयोजक शेख इमरान, ईश्वर महानंद, राहुल गंडेचा, अरविंद छाबड़ा, मुकेश चौहान, हितेंद्र ठाकुर, राजा हरपाल सहित स्थानीय खेल प्रेमी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

सलिहाभांठा के बच्चों ने दही हांडी फोड़ी, लोगों ने बाल राधा-कृष्ण की उतारी आरती

महासमुंद। ग्राम सलिहाभांठा के बच्चों द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी और दही लूट बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। साथ ही गांव के प्रमुख पर्व इतवारी का उत्साह दोगुना हो गया। गांव के माताओं के द्वारा बाल राधा-कृष्ण की पूजा कर गांव की समृद्धि की कामना की। ग्रामीणों और युवाओं के मार्गदर्शन में सभी बाल गोपाल और राधा बनी बालाएं बैंड बाजा के साथ नाचते-कूदते दही लूटने निकले। घर-घर इन बाल गोपालों का स्वागत और आरती, पूजा की गई। ग्रामीणों द्वारा आठ जगहों पर लगाए दही हांडी को नन्हे माखनचोर और बाल राधाओं द्वारा फोड़ा गया और प्रतीकात्मक रुप से दही लूटा गया। इस दौरान पूरे गांव वाले भी खासकर माता वर्ग बच्चों के साथ झूमते नाचते हुए साथ रहे। पश्चात पालकों के लिए मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बारी-बारी से लोगों ने प्रतिभागिता किए। माता वर्ग में हीराबाई साहू ने तो बच्चों में रेशमी साहू ने मटका फोड़कर पुरस्कार प्राप्त करने के हकदार बने। आखिर में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। गांव के लोगों ने इस कार्यक्रम की खूब सराहना की। इस अवसर पर इंद्रा बाई सिन्हा सरपंच, पूर्णिमा यादव, टिकेश्वरी दीवान, केशर साहू, पिरीत राम साहू, पंचराम ध्रुव, हितेश दीवान, तिलक साहू, तिलक यादव, योगीराम साहू, भोजराम साहू, त्रिलोकी साहू, विष्णु दीवान, कीरित दीवान, दयालुराम ध्रुव, भुनेश्वर साहू आदि लोगों सहित माता वर्गों का विशेष योगदान रहा।

नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम, नवीन महाविद्यालय चिरको में हुए विविध आयोजन

महासमुंद। शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के निर्देशानुसार एवं जिला नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ. अनिल गोरियार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर के मार्गदर्शन में 41वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं आम जन को नेत्र दान के महत्व एवं कार्निया अन्धत्व उन्मूलन के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अनिल गोरियार नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा विद्यार्थीयों को बताया गया कि मृत्यु के पश्चात 4 से 6 घंटे के भीतर नेत्रदान किया जा सकता हैं। कार्यक्रम के तहत विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक अधिकारी सुरेंद्र चंद्राकर, विकासखंड विस्तार अधिकारी गिरीश ध्रुव, नेत्र सहायक अधिकारी उमेश गोतमारे, अवधेश यादव, संजय चंद्राकर द्वारा आंखों की अन्य बीमारियां जैसे दृष्टि दोष विटामिन ए की कमी कंजेक्टीवाइटिस, कंप्यूटर सिंड्रोम, सलोनी, राइनों आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही जन मानस में नेत्र दान के बारे जागरूकता फैलाने के लिए संदेश दिया गया। महाविद्यालय के छात्रों ने नेत्रदान से संबंधित चित्र लेखन एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें श्रवण दीवान एवं त्रिवेणी साहू (बीएससी तृतीय सेमेस्टर) को चित्र लेखन व निबंध प्रतियोगिता में ऐश्वर्या पटेल (बीएससी पंचम सेमेस्टर) को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड महासमुंद के समस्त नेत्र सहायक अधिकारी मिलन भदौरिया, भुनेश्वरी साहू, आशीष देवांगन, भानुप्रताप ध्रुव, रामेश्वर सिन्हा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य एचएल दीवान, सहायक प्राध्यापक मनहरण ठाकुर, तरूण कुमार ध्रुव, लता भोई व अतिथि व्याख्याता दीक्षा गजेंद्र, डॉ. सुनिता साकेत, डॉ. अजय, डॉ. अमित सिंह, नीरज पटेल एवं अन्य स्टाफ उपस्थित हुए।

सिवनीकला स्कूल में ग्रामीणों ने श्रमदान कर समस्या सुलझाई

बोइरगांव (कोमाखान)। ग्राम पंचायत सिवनी कला के शासकीय प्राथमिक शाला सिवनी कला के शाला प्रांगण में खलिया तालाब से ओवरफ्लो होकर निरंतर पानी स्कूल प्रांगण में बह रहा था, जहां विगत दो माह से निरंतर कीचड़ फैली थी। कीचड़ होने के कारण ना विद्यार्थियों को वहां खेलते बन रहा है और ना ही उसमें आवागमन हो रहा है। जहां प्राथमिक शाला व आंगनबाड़ी के छोटे-छोटे बच्चे पढ़ते हैं, वहां कीचड़ से घिरा मैदान था, जिससे बीमारीयों व संक्रमण होने की संभावनाएं बन रही है। इस समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने श्रमदान कर समस्या का निराकरण किया।

संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में संतों का हुआ सम्मान

बसना। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित रायपुर संभाग स्तरीय प्रबुद्धजन सम्मान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश के संत समाज को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला के महंत लखन मुनि को मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के द्वारा महंत लखन मुनि का शॉल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, संभाग के सभी जिलों के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और संस्कार संतों के आशीर्वाद से ही सुरक्षित है। महंत लखन मुनि के सम्मान पर क्षेत्रवासियों एवं कबीर पंथ अनुयायियों में हर्ष का माहौल है।

देशव्यापी साक्षरता पखवाड़ा एवं अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देशव्यापी साक्षरता पखवाड़ा एवं अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, जिसमें लेखक, साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ता, कार्यक्रम से जुड़े व्यक्ति, स्वयंसेवी शिक्षक एवं उल्लास के शिक्षार्थी को शामिल किया जा रहा है। कार्यक्रम में सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, उल्लास साक्षरता पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान, उत्कृष्ट स्वयंसेवी शिक्षकों का सम्मान, पुस्तिका/साहित्य का विमोचन, उल्लास हेतु शपथ ग्रहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

एक दीप साक्षरता के नाम साक्षरता के प्रति जन-जन में जागरूकता का संदेश देने एवं पूरे जिले में सामूहिक संकल्प को दर्शाने के लिए सायं 7 बजे एक साक्षरता दीप जलाया गया।

यह दीप इस बात का प्रतीक होगा कि पूरा जिला अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ रहा है। साक्षरता मानव श्रृंखला प्रत्येक स्तर पर बनाया जा रहा है। इसमें स्कूली छात्र-छात्राएं अपने घर से ही साक्षरता संबंधी नारे लिखे हुए प्ले-कार्ड लेकर रैली निकाल रहें है। मानव श्रृंखला में स्कूली बच्चों के अलावा ग्रामीण, शहरी क्षेत्र के युवक-युवतियां, ग्रामवासी, वार्डवासी सभी एकत्रित रहे। जिसमें यह संदेश दिया गया कि जिले को निरक्षरता के अभिशाप को समाप्त करने के लिए कृत-संकल्पित है।

इस अवसर पर जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों से इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

बेनूप्रसाद सिदार को रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि

बसना। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा बेनु प्रसाद सिदार को हिंदी विषय में पीएचडी (विद्या वाचस्पति) की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने यूजीसी-जेआरएफ फेलोशिप प्राप्त कर शोधकार्य करते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। बेनूप्रसाद सिदार ने शिवशंकर पटनायक के पौराणिक उपन्यासों के नारी पात्रों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण विषय पर अपना शोधकार्य पूर्ण किया। बेनू प्रसाद सिदार, क्षेत्रोलाल सिदार के सुपुत्र तथा ग्राम सरायपतेरा सरायपाली के निवासी हैं। उनके शोधकार्य में शिवशंकर पटनायक के पौराणिक उपन्यासों में चित्रित नारी पात्रों के व्यक्तित्व, मनोभाव, अंतर्द्वंद्व, संवेदनाओं एवं मनोवैज्ञानिक पक्षों का विश्लेषण किया गया है। शोध के माध्यम से पौराणिक कथानकों में उपस्थित नारी पात्रों के विविध रूपों तथा उनके मनोवैज्ञानिक स्वरूप को रेखांकित करने का प्रयास किया गया है। उनके शोधकार्य का निर्देशन डॉ. सविता मिश्रा पूर्व प्राचार्य, शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम गरियाबंद ने किया। उनका शोधकार्य शासकीय दू.ब. महिला स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय रायपुर स्थित शोध केंद्र से हुआ। बेनूप्रसाद सिदार को पीएचडी की उपाधि प्राप्त होने पर परिजनों, गुरुजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।

श्रमिक की बेटी अब रायपुर के कांगेर वैली में करेगी पढ़ाई

अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना ने खोला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का रास्ता, कक्षा 6वीं से 12वीं तक मिलेगी निःशुल्क शिक्षा

महासमुंद। मेहनत करने वाले श्रमिक परिवारों के बच्चों के सपनों को पंख देने के लिए संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना अब उनके भविष्य को नई दिशा दे रही है। इसी योजना के तहत महासमुंद जिले के विकासखंड बागबाहरा के ग्राम फुलवारी निवासी पूनम कुमार यादव की बेटी प्रियांशी यादव का चयन राजधानी रायपुर के प्रतिष्ठित कांगेर वैली स्कूल में हुआ है। वह कक्षा 6वीं से 12वीं तक वहां निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करेगी।

बेटी के चयन से परिवार में खुशी का माहौल है। पूनम कुमार यादव ने कहा कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि उनकी बेटी इतने प्रतिष्ठित और महंगे स्कूल में पढ़ाई कर सकेगी। उन्होंने कहा कि अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना उनके जैसे श्रमिक परिवारों के लिए उम्मीद और अवसर लेकर आई है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार श्रमिकों के साथ-साथ उनके बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए भी अवसर उपलब्ध करा रही है।

श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों के बच्चों को श्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाकर गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। योजना का उद्देश्य आर्थिक परिस्थितियों के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाने वाले बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना और उन्हें विकास के समान अवसर प्रदान करना है। महासमुंद जिले की पूनम कुमार यादव की बेटी का चयन इसी दिशा में एक प्रेरणादायी उदाहरण है, जहां श्रमिक परिवार की बेटी अब बेहतर शिक्षा के जरिए अपने सपनों को नई उड़ान देने की तैयारी कर रही है।

विश्व साक्षरता दिवस पर गुड शेफर्ड स्कूल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुड शेफर्ड स्कूल में 8 सितंबर विश्व साक्षरता दिवस पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को शिक्षा एवं साक्षरता के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए साक्षरता के महत्व का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के डायरेक्टर्स डॉ. अनीता जी रावटे एवं डॉ. जार्ज रावटे के मुख्य आतिथ्य में माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता पाठ, पोस्टर निर्माण एवं स्लोगन लेखन जैसी गतिविधियों में भाग लिया गया। विद्यार्थियों ने "साक्षर समाज, सशक्त राष्ट्र", "पढ़ेंगे और बढ़ेंगे" तथा "शिक्षा सबका अधिकार है" जैसे प्रेरणादायक संदेशों के माध्यम से लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर अनीता जी रावटे ने अपने संबोधन में कहा कि साक्षरता व्यक्ति के जीवन में ज्ञान और आत्मविश्वास का प्रकाश फैलाती है। शिक्षा केवल पढ़ना-लिखना सीखने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति को जागरूक, जिम्मेदार एवं आत्मनिर्भर नागरिक बनाने का सशक्त साधन है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे शिक्षा के महत्व को समझें और अपने आसपास के लोगों को भी शिक्षा के प्रति प्रेरित करें।

डॉ. जार्ज रावटे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षित समाज ही देश की प्रगति की मजबूत नींव रखता है। प्रत्येक बच्चे और प्रत्येक व्यक्ति तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें समाज में साक्षरता एवं शिक्षा का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य एम निवास राव ने बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षा का दीप हर घर तक पहुंचाने तथा निरक्षरता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

खबर संक्षेप

ठाकुरदियाकला में चित्रकला कार्यशाला का आयोजन

पिथौरा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ठाकुरदिया कला में 8 सितंबर को मातृकला निकेतन की डायरेक्टर एवं संस्थापिका तथा पीडीलाईट कंपनी की विशेषज्ञ अमृता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्कूल के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने चढ़बढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान अमृता द्वारा विद्यार्थियों को ट्राईंग सीट पेपर, रंगों के माध्यम से गणेश चित्रकारी, चिड़ियों में रंग भरना, बस्तर की मुरिया कला प्लेट पर एवं एनिमल पेपर क्रॉप्ट बनवाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ एवं अच्छे ढंग से बनाकर अपने अंदर छुपी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यशाला समाप्ति के बाद उत्कृष्ट चित्रकारी करने वाले पांच छात्र फलेंद्र दीवान, साक्षी दीवान, मेनका दीवान, डॉ. रश्मि दीवान और एकता ठाकुर को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधान पाठक मुकेश कुमार सिन्हा, शिक्षक छबिराम पटेल, मोहित राम पटेल एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

कलेक्टर जनदर्शन में मिले 55 आवेदन

महासमुंद। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिला पंचायत की सीईओ अनुपमा आनंद ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं एवं मांगें गंभीरता से सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवेदन से संबंधित विभाग को उसके निराकरण के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में 55 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में ग्राम चिंगरौद की भूपेश्वरी निषाद ने अपने 2 साल के बेटे के उपचार के लिए आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को उचित दिशा निर्देश दिया गया। इसी तरह ग्राम अठारहगुड़ी के लोगों ने सरपंच-सचिव के खिलाफ आर्थिक अनियमितता किए जाने की शिकायत की। ग्राम पचेड़ा की सरपंच ने गांव में पूर्व माध्यमिक शाला भवन निर्माण, सुभाष नगर महासमुंद के दिव्यांग महेश राम साहू ने अपने बैटरी सायकल में नई बैटरी लगवाने, महासमुंद नगर पालिका वार्ड 4 के पार्षद और वार्डवासियों ने वार्ड आम रास्ता से अवैध कब्जा हटवाने, ग्राम मुड़ियाडीह खल्लारी के दिव्यांग पुनरा पटेल ने बैटरी सायकल दिलाने के लिए आवेदन किया। साथ ही जनदर्शन में राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद ने सभी आवेदकों को सुनने के बाद आवेदनों को संबंधित विभाग को निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला पंचायत की सीईओ अनुपमा आनंद ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक के पश्चात सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं आमजन में जागरूकता बढ़ाने के संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य एवं जिला अधिकारी मौजूद थे।

रात्रि के समय सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला पंचायत सीईओ आनंद ने सीईओ, सीएमओ, एनएचआई, पशुपालन विभाग, यातायात विभाग तथा नगरीय निकायों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पशु मालिकों की पहचान कर उन्हें समझाईश देने तथा उनके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) एवं नवीन ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग तथा नगरीय एवं ग्रामीण निकायों को निर्देशित किया गया। साथ ही ओवरलोड संचालित हो रहे वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

सामूहिक जिम्मेदारी विकसित हो

बैठक में सीईओ ने निर्देशित किया कि स्कूलों में विद्यार्थियों के माध्यम से पालकों से संपर्क स्थापित कर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाएं, ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी विकसित हो सके। उन्होंने यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए यातायात विभाग को निर्देशित किया गया कि हेलमेट न पहनने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर ई-चालान की प्रभावी कार्रवाई करें। सीईओ ने सभी संबंधित विभागों को सड़क सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने तथा समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

हजारों प्रकरण दर्ज

बैठक में जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने बताया कि 01 जनवरी से अगस्त माह तक की अवधि में बिना हेलमेट के 22 हजार 358 एवं बिना सीट बेल्ट के 426 प्रकरण दर्ज किए गए। पीएम राहत योजना अंतर्गत कुल 44 प्रकरणों में से 28 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 35 प्रकरण बनाकर 3 लाख 40 हजार रुपए की वसूली की गई है।

चर्चा : फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में हुई प्रथम बैठक, लिए गए अनेक निर्णय

व्यापारी एकता मंच कार्यकाल 2 से बढ़ाकर 3 वर्ष किया गया, 15 को होगा शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

- स्थायी दुकानदार ही बन सकेंगे व्यापारी एकता मंच का सदस्य

व्यापारी एकता मंच पिथौरा की प्रथम बैठक स्थानीय फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में 6 सितंबर रविवार को अध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, मजबूती और व्यापारी हितों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए 2 वर्ष के कार्यकाल को बढ़ाकर 3 वर्ष कर दिया गया। यह नवीन नियम वर्तमान कार्यकारिणी के साथ-साथ आगामी सभी कार्यकालों पर भी समान रूप से लागू रहेगा।

हर 3 माह में होगी अनिवार्य बैठक

संगठन में निरंतर सक्रियता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक 3 माह के अंदर कार्यकारिणी की एक नियमित बैठक आयोजित करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त यदि संगठन या व्यापारी हित में कोई आपातकालीन या आवश्यक विषय उत्पन्न होता है तो अध्यक्ष की अनुमति से कभी भी आपातकालीन बैठक बुलाई जा सकेगी।

स्थायी दुकानदार ही बन सकेंगे सदस्य

नई सदस्यता को लेकर भी बैठक में कड़ा और स्पष्ट नियम बनाया गया। तय किया गया कि व्यापारी एकता मंच में केवल एवं केवल पिथौरा के स्थायी दुकानदार ही सदस्यता प्राप्त कर सकेंगे। किसी भी अस्थायी, फेरी वाले या बाहरी व्यापारियों को मंच की सदस्यता नहीं दी जाएगी, ताकि संगठन की मूल भावना और स्थानीय व्यापारियों के हित सुरक्षित रह सकें। बैठक में यह भी तय किया गया कि पिथौरा क्षेत्र के किसी भी अन्य उप व्यापारी संघ या संगठन से प्राप्त लिखित निवेदन अथवा आवेदन पर विचार-विमर्श करने के पश्चात ही व्यापारी एकता मंच अपनी ओर से समर्थन प्रदान करेगा।

व्यापारियों की समस्या का होगा त्वरित निराकरण

मंच से जुड़े किसी भी व्यापारी को व्यापारिक, प्रशासनिक या अन्य किसी भी प्रकार की समस्या आने पर वह मंच में लिखित आवेदन दे सकेगा। आवेदन प्राप्त होने पर कार्यकारिणी द्वारा उसका त्वरित निराकरण किया जाएगा। यह मंच का मुख्य उद्देश्य रहेगा। नई कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आगामी 15 सितंबर 2026, मंगलवार को अग्रसेन भवन पिथौरा में आयोजित किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। बैठक में संरक्षक मंडल से प्रेम सिन्हा, अनूप अग्रवाल, मदन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, मनोज बंसल, कालिका प्रजापति, रैदास गोयल, अरविंदर छाबड़ा, अध्यक्ष गोपाल शर्मा, उपाध्यक्ष दिलप्रीत खनूजा, कुलदीप अग्रवाल, संजय सिन्हा, प्रफुल्ल तिवारी, कोषाध्यक्ष कुलवंत राजा खनूजा, सचिव इन्द्रजीत सिन्हा, प्रमुख सलाहकार राजू खनूजा सहित कार्यकारिणी सदस्य दिनेश गोयल, संजू श्रीवास, रमेश बघेल, सुयश गोयल, दिनेश साहू, राजेश कोठारी, राहुल रवि चावला, तनीष अग्रवाल, आशीष अवस्थी, पप्पू ठक्कर सहित बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु उपस्थित थे। उक्त जानकारी मंच के मीडिया प्रभारी गौरव चंद्राकर द्वारा दी गई।

41वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 08 सितंबर के अंतर्गत 41वें ब्लॉक स्तरीय नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोमाखान में किया गया। जिसमें कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को नेत्रदान के महत्व तथा कॉर्निया अंधत्व उन्मूलन के प्रति जागरूक करना था।

यह कार्यक्रम कलेक्टर के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव के आदेशानुसार तथा डॉ. अनिल गोरियार, नेत्र शल्य चिकित्सक एवं जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को डॉ. बढ़ाई, खंड चिकित्सा अधिकारी बागबाहरा का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खम्हरिया से नेत्र सहायक अधिकारी भूपेंद्र कुमार सोनकर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी से तकेश्वर सिन्हा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोमाखान से आरती साहू तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूकोना से बृजमोहन पैकरा उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को नेत्रदान के महत्व, इसके सामाजिक प्रभाव तथा मृत्यु उपरांत नेत्रदान की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सीताराम साहू, कुमतराम ध्रुव एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों का योगदान रहा। विद्यार्थियों ने नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि मृत्यु के पश्चात केवल 4 से 6 घंटे के भीतर कॉर्निया दान किया जा सकता है। एक नेत्रदाता अपने नेत्रों के माध्यम से दो व्यक्तियों के जीवन में प्रकाश ला सकता है। नेत्रदान महादान है, क्योंकि यह किसी दृष्टिबाधित व्यक्ति को नई रोशनी और आत्मनिर्भर जीवन प्रदान करता है। जन-जागरूकता संदेश नेत्रदान महादान मृत्यु के बाद भी जीवन में उजाला हमारी आंखें, हमारे बाद भी किसी की दुनिया रोशन कर सकती हैं। भारत में लाखों लोग कॉर्निया संबंधी अंधत्व से पीड़ित हैं। इनमें से अनेक लोगों की दृष्टि केवल नेत्रदान के माध्यम से वापस लाई जा सकती है। नेत्रदान किसी धर्म, जाति या आयु से बंधा नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति मृत्यु उपरांत अपने नेत्रदान कर सकता है।

सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना कागजों तक सीमित

भाजपा सरकार के दावे खोखले : आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष व कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए चलाई जा रही 1.50 लाख रुपए तक की कैशलेस उपचार योजना को लेकर प्रदेश की साय सरकार पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। चंद्राकर ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य दुर्घटना के बाद के तात्कालिक रूप से पीड़ित को निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाना है, लेकिन हकीकत यह है कि प्रदेश के अधिकांश निजी और सूचीबद्ध अस्पतालों में पीड़ितों को कैशलेस भर्ती करने से सीधे मना किया जा रहा है या कागजी प्रक्रिया के नाम पर इतनी देरी की जा रही है कि मरीज की जान पर बन आती है। अस्पताल प्रबंधन योजना का लाभ देने में लापरवाही बरत रहे हैं और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने आगे कहा कि केवल निजी अस्पताल ही नहीं बल्कि सरकारी अस्पतालों की स्थिति भी दयनीय है। सरकारी अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं और आवश्यक इमरजेंसी मेडिकल किट्स की भारी कमी है। इस वजह से स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और गरीब मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। सरकार ने योजना तो बना दी लेकिन उसकी निगरानी की कोई व्यवस्था नहीं की। चंद्राकर ने विशेष रूप से महासमुंद जिले का उदाहरण देते हुए कहा कि जिले के अनेक निजी और सरकारी अस्पतालों में इस पीएम राहत कैशलेस योजना से संबंधित कोई जानकारी बोर्ड, बैनर या फ्लेक्स के रूप में चस्पा नहीं की गई है। उन्होंने मांग की कि सरकार तत्काल सभी अस्पतालों में योजना की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करे, लापरवाह अस्पतालों पर कार्रवाई करे और इसकी सख्त मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करे, ताकि किसी भी सड़क दुर्घटना पीड़ित को इलाज के अभाव में अपनी जान न गंवानी पड़े।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

महासमुंद। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन इंडियन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हुआ। जिसमें बीएड के छात्र-छात्राओं सहित कॉलेज प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। कार्यशाला में उपस्थित बीएड के भावी शिक्षकों और प्राध्यापकों को मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता, आधुनिक जीवनशैली में तनाव प्रबंधन तथा आत्महत्या रोकथाम के कारगर उपायों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। मानसिक तनाव या किसी भी प्रकार की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता के लिए सरकार द्वारा जारी टोल-फ्री नंबर 14416 (टेली मानस सेवा) का प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज से तेजेश्वरी गिरी गोस्वामी एवं जागृति साहू, जिला अस्पताल की टीम से मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता रामगोपाल खूंटे, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर खोमन लाल, योग ट्रेनर देव कुमार डेडसेना, प्राचार्य के सरोज चंद्राकर, चुम्मन लाल निषाद, लोकेश चंद्राकर, राजकुमारी बंजारे आदि का सहयोग रहा।

एक माह तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में भी विकसित भारत-2047 के सामूहिक संकल्प को जनभागीदारी का स्वरूप देने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के माध्यम से केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाने के साथ प्रत्येक परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में अभियान की विभिन्न गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुपमा आनंद को अभियान के लिए जिला नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान की सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है। अभियान का शुभारंभ आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम से होगा। 17 सितंबर की शाम जमीनी स्तर पर प्रत्येक परिवार को दीप प्रज्ज्वलन से जोड़ने की पहल की जाएगी। प्रत्येक दीप को 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति आभार और विकसित भारत-2047 के संकल्प के प्रतीक के रूप

सेवा, जनभागीदारी और विकसित भारत-2047 के सामूहिक संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने होंगी विविध गतिविधियां

में देखा गया है। मैदानी टीमें घर-घर पहुंचकर नागरिकों को इस पहल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगी। 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत पहल के अंतर्गत 17 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच शासकीय एवं निजी विद्यालयों में विकसित भारत की संकल्पना तथा 25 वर्षों के सेवा कार्यों पर आधारित ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। बच्चों की कल्पनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से सामने लाया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

नमो सेवा गाथा के तहत 17 सितंबर से नुक्कड़ नाट्य प्रस्तुतियों का आ यो ज न किया जाएगा। 2 अक्टूबर को देश के 100 प्रमुख स्थलों पर विशेष मंचन प्रस्तावित है। नाटकों के माध्यम से 25 वर्षों के सेवा कार्यों, योजनाओं और उनसे आए बदलाव की कहानियों को सरल एवं भावनात्मक तरीके से आमजन तक पहुंचाया जाएगा। 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आंगनवाड़ी केंद्रों में 'आंगन का उत्सव' आयोजित किया जाएगा। इसमें माताओं एवं बच्चों की भागीदारी के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान, पोषण, मातृ सहायता, टीकाकरण और महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में दी जाएगी। लाभार्थी महिलाएं योजनाओं से अपने जीवन में आए बदलावों की कहानियां भी साझा करेंगी।

अभियान के दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, जल जन सेवा संकल्प, रंगोली राष्ट्र-भारत मंडल, राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज तथा जनसेवक महाकुंभ-पंचायत से पार्लियामेंट जैसी गतिविधियां भी प्रस्तावित हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत परिवर्तनकारी स्थलों का भ्रमण तथा सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन 7 अक्टूबर को प्रस्तावित है। जिला प्रशासन ने अभियान की सभी गतिविधियों को ग्राम, वार्ड, विकासखंड एवं जिला स्तर पर अधिकतम जनभागीदारी के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। गतिविधियों का फोटो एवं वीडियो अभिलेखीकरण करने, नियमित प्रगति रिपोर्ट तैयार करने तथा अभियान की एकरूप पहचान के लिए निर्धारित हैशटैग, फ्रेम एवं प्रचार सामग्री का उपयोग किया जाएगा।

सेवा संकल्प अभियान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

जिला पंचायत सीईओ ने समय सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद ने समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ एवं जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

सीइओ आनंद ने 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान के संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा शासन के मंशानुरूप अभियान की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत 12 विभिन्न कार्यक्रमों पर गतिविधियां आयोजित की जाएगी। सीईओ सु अनुपमा आंनद ने विकसित भारत यंग लीडर्स डॉ.यलॉग-2027 अंतर्गत आयोजित विकसित भारत क्विज में जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने कहा है। क्विज की अंतिम तिथि 16 सितंबर 2026 तक है। शेष अवधि में विशेष अभियान चलाकर प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप क्विज में युवाओं सहभागिता के लिए अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के संबंध में समीक्षा करते हुए सीईओ अनुपमा आनंद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की जानकारी आम नागरिकों तक व्यापक रूप से पहुंचाई जाए। साथ ही सभी विभागों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल का नियमित अवलोकन करते हुए प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में बच्चों के आधार कार्ड पंजीयन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का आधार कार्ड (एमबीयू) अभी तक नहीं बना है, उनका चिन्हांकन कर पंजीयन की कार्रवाई शीघ्र पूरी की जाए। इसके लिए शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए 30 सितंबर तक लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर पर ऐसे बच्चों की जानकारी संकलित कर आवश्यक दस्तावेजों एवं पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कराई जाए। साथ ही विद्यार्थियों के लिए अपार आईडी बनाने के लिए विशेष अभियान चलाकर शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सभी संकुल समन्वयकों को विद्यार्थियों की अपार कार्ड बनाने सुनिश्चित करने कहा गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्कूलों किचन गार्डन विकसित करने और नेवता भोज का आयोजन नियमित रूप से करने कहा गया है। सीईओ आनंद ने डिजिटल क्राप सर्वे की प्रगति की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक ग्राम में सर्वे की स्थिति की नियमित समीक्षा करें तथा जहां कार्य शेष है, वहां विशेष टीम लगाकर समय-सीमा में कार्य पूरा करें। उन्होंने सर्वे के दौरान सभी संबंधित प्लॉट एवं आवश्यक अभिलेखों की जानकारी व्यवस्थित रूप से दर्ज करने पर जोर दिया। पटवारियों को सर्वे किए गए प्लाट्स का अप्रूवल शीघ्र करने कहा गया है। सीईओ आनंद ने प्रधानमंत्री आवास एवं वीबीजी-रामजी ग्रामीण रोजगार से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्यों की प्रगति, कार्य प्रारंभ होने की स्थिति तथा लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यों को समय पर प्रारंभ कर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं।